>

Title: Need to provide railway link between Baddi-Barotiwala industrial areas and Kalka-Parwanoo in Himachal Pradesh.

श्री वीरेन्द्र कश्यप (शिमला): सभापति महोदय, मैं आपके माध्यम द्वारा रेल मंत्रालय के सामने हिमाचल प्रदेश की रेल लाइन से संबंधित मांग रखना चाहता हूं। हिमाचल प्रदेश बेसिकली हिली स्टेट है, पहाड़ी क्षेत्र है। स्वतंत्रता के बाद वहां अभी तक कुल 36 किलोमीटर रेल लाइन ही उपलब्ध हुई है, जो कि बहुत कम है। मैं कहना चाहता हूं कि अभी तक जो भी रेल मंत्री बने हैं, उन्होंने कभी भी हिमाचल प्रदेश में रेल लाइन देने के लिए ज्यादा उत्साह नहीं दिखाया है। पिछले दिनों जब हमने यह मांग रखी कि मेरी शिमला पार्लियामैंट्री कांस्टीटूंसी में घनौली क्षेत्र, जो पंजाब से लगता है, वहां से नालागढ़, बद्दी, बरोटीवाला से होते हुए, कालाअम्ब और पांवटा साहब होते हुए देहरादून, जो उत्तराखंड के साथ लगता है, उसके साथ जोड़ दिया जाये। रेल मंत्रालय ने मेरी इस बात को सुना और उसे अभी सर्वे के लिए रखा गया है। परन्तु मेरा मानना है कि पिछले एक वर्ष से वह अभी तक सर्वे के लिए ही रखा गया है। उस सर्वे को पूरा नहीं किया गया है। इसमें दो स्थान बहुत धार्मिक हैं। एक स्थान पांवटा साहब है, जो सिख धर्म का बड़ा भारी स्थान है। वहां लाखों श्रद्धालु आते हैं। दूसरा, हरिद्वार है जहां हिन्दु धर्म के लोग हर वर्ष स्नान करने जाते हैं। ये दोनों स्थान उसी क्षेत्र में लगते हैं। मैं कहना चाहता हूं कि यह क्षेत्र अब इंडस्ट्रियल कॉरीडोर बन गया है। माननीय अटल बिहारी वाजपेयी जी ने एनडीए के समय हमें इंडस्ट्रियल पैकेज दिया था, उस वजह से वहां लाखों लोगों को रोजगार मिला है और अरबों रुपये का निवेश हुआ है। मैं चाहता हूं कि वहां यह रेल लाइन बने और सर्वे का जो आश्वासन दिया गया है, उसे पूरा किया जाये। उसके लिए पैसे का प्रावधान किया जाये। मैं आपके माध्यम से रेल मंत्रालय से चाहता हूं कि यह सर्वे इस वर्ष पूर्ण किया जाये, ताकि उससे वहां के लोगों को लाभ मिल सके। धन्यवाद।